No. of Printed Pages : 3

F-R

**MOR-03**

**2012**

# सामान्य हिन्दी

# GENERAL HINDI

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

*निर्देश :* *(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके अंत में इंगित हैं ।*

*(iii) एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाए ।*

*(iv) पत्र लेखन संबंधी प्रश्न के उत्तर में अपना नाम, पता अथवा अनुक्रमांक न लिखें । यदि अनिवार्य हो तो क्ष, त्र, ज्ञ (XYZ) लिख सकते हैं ।*

1. स्वतंत्रता का अधिकार मनुष्य के लिए उन बाहरी परिस्थितियों को द्योतित करता है जिनमें उसे अपने विवेक के अनुसार कर्म करने में बाहरी प्रतिबन्धों से मुक्ति हो । इसके अतिरिक्त यह भी स्मरणीय है कि आन्तरिक विवेक का भी शिक्षा, संगति आदि के संदर्भ में विकास होता है । अपने को पहचानने के लिए या अपने को खोजने के लिए मनुष्य को एक मानवीय परम्परा का उत्तराधिकारी होना पड़ता है । मानवीय स्वतंत्रता की सिद्धि के लिए इस प्रकार पहले तो बाहरी प्रतिबन्ध या अंकुश का अभाव होना चाहिए, दूसरे शिक्षा-दीक्षा होनी चाहिए, तीसरे विवेक का आन्तरिक उदय होना चाहिए । इनमें पहली माँग की पूर्ति का स्पष्ट ही यह अर्थ नहीं है कि समाज में मनुष्य जो चाहे कर सके । उसका अर्थ यही हो सकता है कि जिन नियमों और प्रतिबन्धों का मनुष्य को बलात पालन करना है वे स्वयं विवेक पर आधारित हों । ऐसे ही शिक्षा-दीक्षा भी स्वतंत्रता के लिए तभी उपयोगी होगी जब वह स्वयं विवेक पर आधारित होगी । अत: स्वतंत्रता का विकास व्यक्ति और समाज में विवेक की प्रतिष्ठा के द्वारा ही संभव है । व्यक्तित्व के विकास के लिए स्वतंत्रता आवश्यक होती है । स्वतंत्रता निरंकुशता या इच्छा-दासता नहीं है । उसका वास्तविक अर्थ स्वाधीनता है ।

(क) रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए । **10 + 5 = 15**

(ख) उक्त गद्यांश पर आधारित मानवीय स्वतंत्रता की आवश्यकता तथा उससे जुड़ी शर्तों पर पाँच वाक्य लिखिए ।

2. मीडिया और यातायात की तकनीकों में असाधारण विकास और उनका हमारे निजी और सार्वजनिक जीवन में बरबस प्रवेश, शायद हमारे समय का सबसे चटक लक्षण है । उनके प्रतिदिन बढ़ते हुए प्रभावों के बीच हम अपनी दुनिया को छोटी करके नहीं रह सकते । हम पूरे विश्व संदर्भ में जीने के लिए मजबूर हैं । हमें इस वास्तविकता का विरोध करके नहीं, इसके साथ सही समझौते करके ही रहना होगा – और मेरे लिए इन समझौतों के प्रारूपों के संकेत विभिन्न साहित्यों के बदलते हुए आपसी रिश्तों और रवैयों में हमेशा मौजूद रहे हैं । एक तो यह परिवर्तनों के पीछे-पीछे, प्रत्यय बुद्धि से, न चलकर उन्हें आगे बढ़कर थोड़ा पहले से सोचें तो उन्हें ज्यादा संतुलित और

रचनात्मक ढंग से स्वीकार कर सकेंगे । दूसरे मीडिया और यातायात के साधनों ने अगर एक अर्थ में हमारी बाहरी दुनिया को बहुत छोटा कर दिया है, तो दूसरी ओर हमारी निजी दुनिया को बहुत बड़ा भी । हमारे बीच अपरिचय घटा है । एक छोटा परिवार बहुत बड़ा परिवार हो गया है – इतना बड़ा कि अक्सर ऐसा लगता है कि उसमें भौतिक एकता तो है लेकिन वह घनिष्ठता नहीं है जो 'वसुधैव कुटुम्बकं' के आदर्श को चरितार्थ करती हो । एक दूसरे के निकट आने के साधनों का अगर हम सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं या दुरूपयोग कर रहे हैं, तो उसके लिए साधन नहीं हम दोषी हैं ।

(क) इस अवतरण का उचित शीर्षक लिखिए । **5 + 10 = 15**

(ख) गद्यांश में व्यक्त विचारों का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए ।

3. (क) अधिसूचना किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **10 + 10 = 20**

(ख) छात्रों में वन सम्पदा की महत्ता के प्रति जागरूकता लाने के लिए उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा प्राचार्यों को सम्बोधित एक परिपत्र का प्रारूप तैयार कीजिए ।

4. (अ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** शब्दों में लगे हुए उपसर्ग अलग कीजिए : **5**

(i) अथाह

(ii) अवतार

(iii) संस्कार

(iv) निरूपम

(v) प्रमेय

(vi) आक्रमण

(vii) उन्नयन

(आ) निम्नलिखित किन्हीं **पाँच** शब्दों के विलोम लिखिए : **5**

(i) अर्पण

(ii) उदात्त

(iii) गरल

(iv) जारज

(v) खंडन

(vi) श्लाघ्य

(vii) निष्काम

(इ) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं **पाँच** के लिए एक-एक शब्द लिखिए : 5

(i) जैसे पहले था

(ii) मुकदमा दायर करने वाला व्यक्ति

(iii) वनस्पतियों से सम्बन्धित

(iv) जिसकी सारी कामनाएँ पूरी हो गई हैं

(v) कहीं से लौटकर आने वाला

(vi) हाथ में वज्र धारण करने वाला

(vii) जो स्त्री कविता लिखती है

(ई) निम्नलिखित वाक्यों एवं गलत वर्तनी वाले शब्दों को शुद्ध कीजिए : 5

(i) श्याम अनेक कला का ज्ञाता है ।

(ii) उसकी सौभाग्यवती कन्या का विवाह कल होगा ।

(iii) गंभीर समस्याओं को हंसकर टालना ठीक नहीं है ।

(iv) हरिद्वार में भिक्षुकों की बाहुल्यता है ।

(v) उड़िया, असमी प्रदेशिक भाषाएँ हैं ।

5. (क) निम्नलिखित लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ लिखिए तथा उनका वाक्य-प्रयोग कीजिए : 10

(i) अंधे के हाथ बटेर लगना ।

(ii) खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे ।

(iii) एक तो करेला दूसरे नीम चढ़ा ।

(iv) ऊँट किस करवट बैठता है ।

(v) खुदा की लाठी में आवाज नहीं ।

(vi) दीपक तले अँधेरा ।

(vii) घर का भेदी लंका ढाए ।

(ख) निम्नलिखित मुहावरे में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 10

(i) अंग-अंग खिल उठना

(ii) आग में कूदना

(iii) खेत रहना

(iv) घोड़ा बेचकर सोना

(v) गुड़ गोबर कर देना

(vi) नहले पर दहला मारना

(vii) मुट्ठी गर्म करना

6. कम्प्यूटर की उपयोगिता बताइए । हिंदी भाषी क्षेत्रों तथा सरकारी कार्यालयों में हिन्दी में कामकाज में कम्प्यूटर के बढ़ते उपयोग और संभावनाओं पर एक निबंध लिखिए । 10

---